प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 01.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–मुख्यमंत्री ने आज बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों का किया हवाई सर्वेक्षण–प्रभावितों से मुलाकात कर राहत कार्यों का लिया जायजा–अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश।

2–देशव्यापी साक्षरता सप्ताह आज से शुरू–इस सप्ताह के दौरान प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

3– केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए साठ हजार टन अतिरिक्त यूरिया का आबंटन स्वीकृत किया।

4–ग्वालियर में आयोजित चौदहवीं राष्ट्रीय जूनियर और सब जूनियर पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ने छह स्वर्ण सहित कुल आठ पदक हासिल किए।

**मुख्यमंत्री–बाढ़ प्रभावित दौरा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों दंतेवाड़ा और बस्तर का हवाई सर्वेक्षण और जमीनी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय दंतेवाड़ा के चूड़ीटिकरा वार्ड में बनाए गए अस्थायी राहत शिविर पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इन शिविरों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित आवास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। श्री साय यहां लगाए गए स्वास्थ्य शिविर भी पहुंचे और दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों की तैनाती और मरीजों को दी जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

अपने बस्तर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा में अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित हर परिवार तक समय पर सहायता पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता और तत्परता जरूरी है।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की घड़ी में शासन–प्रशासन हर कदम पर जनता के साथ हैं। प्रशासन द्वारा तत्परता से प्रभावितों को राहत पहुंचाई जा रही है।

**साक्षरता सप्ताह**

देशव्यापी साक्षरता सप्ताह आज से शुरू हो गया है। इस सप्ताह के दौरान प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के अनुसार सभी के लिए शिक्षा पर आधारित योजना **उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम** और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप यह साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है।

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आज से मोबाइल ऐप पर पंजीयन के लिए विशेष अभियान और शिक्षा स्वयंसेवकों का नामांकन शुरू हुआ। कल से कार्यशालाएं, सेमिनार और वेबिनार के माध्यम से नये भारत साक्षरता कार्यक्रम पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

**केन्द्र–यूरिया स्वीकृत**

केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए साठ हजार टन अतिरिक्त यूरिया का आबंटन स्वीकृत किया है। इसके तहत इस महीने के पहले सप्ताह में बीस हजार टन, दूसरे सप्ताह में पैंतीस हजार टन और बाकी पांच हजार टन की आपूर्ति इस महीने के अंत तक की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि किसानों की हर आवश्यकता पर राज्य सरकार संवेदनशील है और यह अतिरिक्त आबंटन खरीफ फसलों को सुरक्षित रखने में सहायक होगा।

**नकली शराब–आरोपी गिरफ्तार**

मुंगेली पुलिस ने नकली शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पैंतीस हजार बल्क लीटर स्प्रिट और भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान जब्त किया गया है। जब्त सामान की कीमत छियालीस लाख रूपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर फास्टरपुर पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एक ट्रक टैंकर से यह सामान बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

**भाजपा–महिला मोर्चा**

बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कल रायपुर में प्रदर्शन किया जाएगा। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि कल बीटीआई मैदान में एक आमसभा होगी। इसके बाद एक रैली के रूप में चलकर मोर्चा की सदस्य कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन का घेराव करेंगी। इस प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं भी शामिल होंगी।

**भर्ती–परीक्षा**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक–अपेक्स बैंक और छह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में जूनियर और डिप्टी मैनेजर कैडर की भर्ती परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी छत्तीसगढ़ व्यापमं की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा पांच जिलों में सात सितंबर को सुबह ग्यारह बजे से आयोजित की जाएगी।

**चक्रधर समारोह**

रायगढ़ में चल रहे चक्रधर समारोह में आज भी युवा कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। रायगढ़ की हिना दास ने नवदुर्गा पर आधारित ओड़िशी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें देवी के नवरूपों का सजीव चित्रण किया गया। वे वर्तमान में खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है।

**छत्तीसगढ़–स्वर्ण पदक**

मध्यप्रदेश के ग्वालियर में आयोजित चौदहवीं राष्ट्रीय जूनियर और सब जूनियर पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को छह स्वर्ण पदक सहित कुल आठ पदक हासिल हुए हैं। रेस स्पर्धा में सुखदेव, निखिल कुमार यादव

और शिवराम साहू ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, शार्टपुट और डिस्कस थ्रो में यशोदा राजवाड़े ने स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता उनतीस से इकतीस अगस्त तक आयोजित की गई थी।

## शालेय क्रीडा प्रतियोगिता

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के पेंड्रा में आज से पच्चीसवीं राज्य स्तरीय चार दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हुई। इसमें बस्तर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा और बिलासपुर संभाग के करीब छह सौ पचहत्तर खिलाड़ी और पचास कोच भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में जिमनास्टिक, ताइक्वांडो और क्रिकेट के मुकाबले होंगे। आज शुभारंभ के मौके पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। वहीं, छात्र–छात्राओं ने लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। स्पर्धा का समापन चार सितंबर को होगा।

वहीं, कोंडागांव में आयोजित पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुई। इस स्पर्धा में ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब बस्तर जोन ने जीता। वहीं, फुटबॉल और मलखंभ में बस्तर जोन के खिलाड़ी अव्वल रहे। तीरंदाजी के तीनों आयु वर्ग में बिलासपुर जोन ने बाजी मारी। रायपुर जोन दूसरे स्थान पर रहा। इस स्पर्धा में प्रदेश के सभी पांच संभागों के आठ सौ से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

## मौसम

## मौसम का हाल....

प्रदेश में मानसून की गतिविधियां एक बार फिर तेज हो गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से चार सितंबर तक बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और एक–दो स्थानों पर अतिभारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं। कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने के साथ भारी वर्षा हो सकती है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र बिलासपुर और रायपुर संभाग के पूर्वी जिले होंगे।

राजधानी रायपुर में आज दोपहर बाद कई स्थानों पर तेज बारिश हुई।

इस बीच, सुकमा जिले के तेलावर्ती गांव में भारी बारिश के चलते एक युवक शबरी नदी किनारे फंस गया। मामले की खबर लगते ही पुलिस और सीआरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से करीब बारह घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

उधर, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम कोलेंद्रा और ठाकुर टोला के बीच उफनते नाले के तेज बहाव में कल एक युवक बह गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस और ग्रामीणों की टीम ने युवक का शव बरामद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

## समाचार संक्षेप में ...

–इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू के जुलाई सत्र में ओडीएल ऑनलाइन कोर्स के लिए नये प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर पन्द्रह सितंबर कर दी गई है।

–शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरेला में आगामी चार सितंबर को एक निजी कार कंपनी द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

–जांजगीर–चांपा जिले में पुलिस ने मवेशी तस्करी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने पच्चीस मवेशी बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

–कोरबा जिले के कोहड़िया बाल संप्रेषण गृह से चार अपचारी बालक फरार हो गए हैं। ये सभी बालक जांजगीर–चांपा जिले के हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर बालकों की तलाश शुरू कर दी है।

–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा क्षेत्र में एक ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से ट्रक चालक की मौत हो गई। वहीं, जिले के अमरपुर गांव के पास ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में कार सवार तीन लोग घायल हो गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>